प्रत्यक्ष भवन अनुज्ञा प्रणाली के सफलतम क्रियान्वयन के लिए वास्तुविद कि निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने ली बैठक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वास्तुविद की बैठक प्रत्यक्ष भवन अनुज्ञा प्रणाली के सफलतम क्रियान्वयन के लिए ली। इस दौरान भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख भी मौजूद रहे। प्रत्यक्ष भवन अनुज्ञा प्रणाली से संबंधित सारी जानकारियां वास्तुविद को दी गई। वही 2 हितग्राहियों को जिन्होंने इस नवीनतम पद्धति से भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था उन्हें निगम आयुक्त ने भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रत्यक्ष भवन अनुज्ञा प्रणाली के शुभारंभ के बाद से भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र ऑनलाइन सिस्टम से बिना कोई लंबी प्रक्रिया के दिनांक 3 जनवरी से मिलना प्रारंभ हो गया है।